मूल्य 1 रु.
वर्षः 15 - अंक : 55, मुंबई, शनिवार, 14 जून, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर






DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# महाराष्ट्र में बारिश का हाई अलर्ट

## पुणे-रायगढ़ और ठाणे समेत 6 जिलों में आंधी तूफान का अनुमान



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई ।** महाराष्ट्र में एक बार फिर बारिश की जोरदार वापसी हुई है। पिछले दो दिनों से राज्य के कई हिस्सों में जोरदार बारिश हो रही है। अब आईएमडी (भारतीय मौसम विभाग) ने अगले 24 घंटों में पुणे, सांगली, रायगढ़, सतारा, कोल्हापुर, और ठाणे जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। साथ ही बारिश के साथ कई जिलों में आंधी तूफान के साथ बिजली और गरज की भी संभावना है। मौसम विभाग ने 14 और 15 तारीख को ठाणे, रायगढ़ और रत्नागिरी जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। सिंधुदुर्ग जिले में 14 से 16 जून तक बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान हवा की गति 30 से 40 किमी प्रति घंटे रहने की संभावना है। शनिवार के लिए धुले और नंदुरबार जिलों के लिए भी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# एअर इंडिया प्लेन क्रैश से बीमा कंपनियों का बुरा हाल



## उठाना पड़ सकता है 1000 करोड़ रुपये का बोझ

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई ।** गुजरात के अहमदाबाद में एअर इंडिया बोइंग 787 ड्रीमलाइनर क्रैश होने के बाद इंश्योरंस क्लेम अमाउंट 1,000 करोड़ को पार कर गई है। एविएशन सेक्टर में यह अब तक का सबसे महंगा इंश्योरेंस क्लेम है। यह अमाउंट देश के पूरे एविएशन सेक्टर के टोटल वार्षिक प्रीमियम से भी काफी अधिक है। गौरतलब है कि एअर इंडिया का मलिकाना हक टाटा ग्रुप के पास है। इस प्लेन क्रैश में जान गंवाने वाले हर एक पैसेंजर के परिवार को 1 करोड़ रुपये की सहायता राशि देने के लिए टाटा ने घोषणा की है। इस हादसे में कुल 241 लोगों की जान गई है। ऐसे में यह अनुमाना है कि इंश्योरेंस क्लेम 1,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है, जिसका एविएशन इंश्योरेंस इंडस्ट्री पर बड़ा प्रभाव देखने को मिल सकता है।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# 'मैं जिंदा हूं पोस्टमार्टम रुकवाइए'



## थाने पहुंचकर बोला युवक; कानपुर पुलिस हैरान

**मुंबई हलचल/संवाददाता**


**कानपुर ।** उत्तर प्रदेश के कानपुर से एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है, जहां घाटमपुर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस से गिड़गिड़ाते हुए कहा कि साहब मैं जिंदा हूं, मेरा पोस्टमार्टम रुकवाइए। यह सुनकर मौके पर मौजूद सभी पुलिसकर्मी हैरान हो गए। युवक के जीवित होने की खबर मिलते घर वाले खुशी से पागल हो गए। वहीं अब पुलिस लवारिस लाश की दोबारा शिनाख्त करने में जुट गई है। कानपुर के घाटमपुर क्षेत्र में पुलिस को एक लावारिस लाश मिली थी। इस शव की शिनाख्त अजय शंखवार के रूप में की गई थी। इसी मामले को लेकर पुलिस ईंट भट्ठे पर पूछताछ के लिए पहुंची थी। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# मुंबई में बनेगा भारत का पहला 'इंटरनेशनल एजुकेशनल हब'

## सीएम फडणवीस ने 5 विदेशी यूनिवर्सिटी को भेजा नोटिस

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**इंदौर ।** महाराष्ट्र की महायुति सरकार नवी मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा शहर के निर्माण की तैयारी कर रही है। राज्य सरकार की पहल मुंबई राइजिंग-क्रिएटिंग ऐन इंटरनेशनल एज्युकेशन सिटी के तहत पांच विश्व प्रसिद्ध विदेशी विश्वविद्यालयों को मुंबई और नवी मुंबई में अपने परिसर स्थापित करने के लिए आधिकारिक तौर पर आशय पत्र (एलओआई) दिए जाएंगे। इनमें एबरडीन विश्वविद्यालय, यॉर्क विश्वविद्यालय, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय, इलिनोइस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और इस्टिट्यूटो यूरोपियो डी डिजाइन (आईईडी) शामिल हैं। आशय पत्र (एलओआई) समारोह शनिवार (14 जून 2025) को दोपहर 12 बजे मुंबई स्थित ताज महल पैलेस होटल में आयोजित किया गया है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**




### पहला अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा नगर

अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा नगर परियोजना के तहत नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के 5 किलोमीटर के भीतर शीर्ष 10 विदेशी विश्वविद्यालयों के परिसर स्थापित करने की योजना है। यह देश का पहला ऐसा अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा नगर होगा। यह परियोजना नवी मुंबई और मुंबई को वैश्विक शैक्षणिक केंद्र के रूप में स्थापित करेगी और महाराष्ट्र के एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य और 2029 तक भारत के पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के आर्थिक लक्ष्य को प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण कारक होगी।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### यथार्थ को स्वीकार करें

**अमेरिका का पाकिस्तान को खुला समर्थन उस समय मिला है, जब चीन और रूस अपने समीकरणों में उसे जगह देने के लिए प्रयासरत हैं। यानी यह ऐसा मौका है, जब दुनिया की तीनों बड़ी ताकतों की छत्रछाया पाकिस्तान को मिल रही है।**

यह वक्तव्य डॉनल्ड ट्रंप का नहीं है, जिनके रुख की अस्थिरता बहुचर्चित है। ये बातें अमेरिका के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी जनरल माइकल कुरिला ने कही हैं। जनरल कुरिला यूएस सेंट्रल कमान (सेंटकॉम) के कमांडर हैं। उन्होंने बयान अमेरिकी संसद के निचले सदन- हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव की सशस्त्र सेना समिति के सामने दिया। यानी जो कहा गया, वह आधिकारिक है, जिसे अमेरिका का ठोस नजरिया माना जाएगा। जनरल कुरिला ने कहा- अमेरिका के भारत और पाकिस्तान दोनों से संबंध हैं। भारत से संबंध रखने के लिए पाकिस्तान के साथ अपने रिश्तों की बलि नहीं चढ़ाई जा सकती। जनरल कुरिला ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पाकिस्तान के योगदान को असाधारण बताया। इसके बाद अब किसी के मन में भ्रम नहीं बचना चाहिए कि पाकिस्तान के खिलाफ मुहिम में अमेरिका भारत से सहयोग करेगा। इसी के साथ इस खबर पर भी गौर करना चाहिए कि 14 जून को अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की तरफ से आयोजित भव्य सेना दिवस समारोह में जिन विदेश मेहमानों को आमंत्रित किया गया है, उनमें पाकिस्तान के फील्ड मार्शल असीम मुनीर भी हैं। साफ है, मुनीर के घोर सांप्रदायिक और कट्टरपंथी नजरिए पर भारत को चाहे जितनी आपत्तियां हों, मगर ट्रंप प्रशासन इससे संबंधित भारत की भावनाओं का ख्याल नहीं रखता। और अमेरिका का यह रुख उस समय जग-जाहिर हुआ है, जब चीन का खुला समर्थन पाकिस्तान को हासिल है तथा विकासशील दुनिया में उभर रहे नए समीकरणों में पाकिस्तान को जगह दिलाने के लिए रूस प्रयासरत है। यानी एक ऐसा मौका आया है, जब दुनिया की तीनों बड़ी ताकतों की छत्रछाया पाकिस्तान को हासिल दिखती है। मतलब आतंकवाद और पाकिस्तान को समानार्थी बताने का भारत प्रयास फिलहाल असर खो रहा दिखता है। संभव है कि इसकी वजह पाकिस्तान की भौगोलिक स्थिति हो, जिसमें सभी शक्तियों को वह अपने लिए महत्वपूर्ण नजर आ रहा हो। मगर इससे भारत की रणनीतिक मुश्किलें बढ़ी हैं। यह भारत की कूटनीतिक विफलता है या नहीं, इस सवाल पर अलग- अलग नजरिए हो सकते हैं, मगर इसे अब स्वीकार कर लेने में ही भलाई है कि भारत इस मुद्दे पर अकेला पड़ गया है।

# शादी निकाह का इस्लामी तरीका और उसकी बरकतें

**मुस्लिम** समाज के बच्चे बच्चियों के मां बाप को चाहिए कि बेवजह की चॉइस और रिकवायरमेंट के चलते अपने बच्चों की जिंदगियों को तबाह ना करें जैसे की लड़का सरकारी नौकरी वाला हो और हमारे एरिया का हो हम दूर शादी नहीं करेंगे अभी लड़की पढ़ रही है यह लड़के का छोटा कारोबार है या लड़कें का बड़ा परिवार है या हमारी बिरादरी का नहीं है दहेज या नगद लेनदेन आदि यह सब गैरइस्लामी तरीका है शरियत में इस तरह की कोई गुंजाइश नहीं रखी गई है इससे दूर रहे नहीं तो ज्यादा उम्र हो जाने पर बच्चों की शादी करने में बहुत ही मुश्किलात का सामना करना पड़ता है और इस दरमियान अगर बच्चों से कोई गुनाह हो जाए तो उसके सारे गुनाह का बवाल मां बाप की के ऊपर आएगा इसलिए खुदरा शरीयत के मुताबिक बच्चों की शादी करें। पैगंबरें इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया की तीन कामों में देरी नहीं करना चाहिए आजान हो जाए तो नमाज पढ़ने पर अगर किसी का इंतकाल हो जाए तो उसकी नमाजे जनाजा और दफनाने पर और बच्चे जवान हो जाए तो उनकी वक्त पर शादी करने पर इन तीन चीजों पर देरी करना मना फरमाया गया है पैगंबर



हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैह वसल्लम ने आगे फरमाया कि चार वजह से लोग शादी करते हैं लड़की लड़के वालों में मालों दौलत देखी जाती है या खूबसूरती देखी जाती है या खानदान देखा जाता या दीनदारी देखी जाती है तो तुम लोग दीनदारी इस्लामी अखलाक देखकर ही शादी करना तो कामयाब रहोगे। लड़के लड़कियों को भी चाहिए कि अपने मां-बाप की पसंद की शादी की कद्र करें और मां-बाप जहां शादी करें वहां जरूर रिश्ता करें क्योंकि मां-बाप की पसंद में अल्लाह की रहमत होती है और जों लड़कियां बहू बनकर जिस घर में जाती है उस घर के लोगों में आपस में मनमुटाव अलगाव कतई पैदा ना करें हर लड़की और बहू को याद रखना चाहिए कि उसके पति की जन्नत उसकी सास के कदमों के नीचे हैं और जन्नत का दरवाजा उसका ससुर हैं अगर बहुएं लड़कें के मां-बाप भाई बहन और अपने पति के बीच में षड्यंत्र कर अलगाव पैदा करती है तो यह बहुत भारी गुनाह है जैसा करोगे वैसा तुम्हें भी भरना पड़ेगा तुम्हारी भी मां-बाप भाई बहन है तुम्हारी भी औलाद होगी इस नजरिए से अपने सास ससुर देवर देवरानी जेठ जेठानी आदि सब की कद्र करें और ससुराल वाले भी बहू की कद्र करें और ताली कभी एक हाथ से नहीं बजती। आप सभी भाइयों बहनों से गुजारिश है कि मुझे दीन ईमान का इल्म देने वाली मेरी मोहसिन मेहरबान अम्मी हज्जन जुबेदा बी रहमतुल्लाही अलैहा और अब्बू जनाब बाबू खान साहब के लिए अल्लाह से दुआ फरमाए की अल्लाह उनकी बख्शीश वा मगफिरत फरमाकर उनके दरजात को बुलंद फरमाए और मेरी नेक तमन्नाये पूरी फरमाए इंशाल्लाह आमीन या रब्बुल आलमीन।

**प्रस्तुति = साजिद खान धनपुरी जिला शहडोल मध्य प्रदेश**

# भीलवाड़ा में भूखंड से वंचित पत्रकारों के लिए पत्रकारों ने भाजपा जिलाध्यक्ष मेवाड़ा से मुलाकात की

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान/भीलवाड़ा।** राज्य सरकार की पत्रकार आवास योजना के तहत भूखंड से वंचित भीलवाड़ा शहर के पत्रकारों को नगर विकास न्यास द्वारा भूखंड आवंटित किये जाए इसके लिए पत्रकार हित कमेटी ने राजनीतिक स्तर पर प्रयास शुरू किए हैं। गुरुवार को कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र ओरडिया एवं वरिष्ठ पत्रकार शहजाद खान व अनिल राठी ने भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा से मुलाकात कर उन्हें भीलवाड़ा शहर में आवासीय भूखंड से वंचित रहे पत्रकारों की समस्या से अवगत कराया और उन्हें बताया गया कि यूआईटी भीलवाड़ा ने दो चरणों में शहर के क्रियाशील पत्रकारों को



भूखंड आवंटित किए हैं परंतु वर्ष 2013 के द्वितीय चरण में हुए आवंटन के बाद भूखंड से वंचित रहे शेष पत्रकारों के लिए अभी तक प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई है जबकि संबंधित अधिकारीगण कई बार स्थानीय पत्रकारों को आश्वासन दे चुके हैं। इसलिए राजनीतिक स्तर पर प्रयास शुरू कर अधिकारियों को संबंधित मंत्री महोदय द्वारा निर्देश दिलाए जाएं ताकि यूआईटी अधिकारियों द्वारा भूखंड आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जा सके। भाजपा जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने कहा कि वह स्वयं पत्रकारिता से जुड़े रहे हैं और पत्रकारों की समस्याओं से भली भांति परिचित हैं इसलिए पत्रकारों की आवास संबंधी समस्या को राजनीतिक स्तर पर हल करवाने के प्रयास शुरू किए जाएंगे उन्होंने कहा कि जो पत्रकार भूखंड से वंचित हैं वह आवेदन की पात्रता से संबंधित सभी दस्तावेज दुरस्त कर ले ताकि समय पर उचित प्रक्रिया प्रारंभ करवाई जा सके, इस संबंध में उन्होंने न्यास अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर से चर्चा करने की बात भी कहीं।

## वांछित फाउंडेशन के भारत प्रांत के अध्यक्ष सिकरवाल के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** वांछित फाउंडेशन मध्य प्रदेश के मध्य भारत प्रांत के अध्यक्ष बलभद्र सिंह सिकरवाल के नेतृत्व में भिण्ड इकाई ने बलभद्र सिंह सिकरवाल के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल के माध्यम से वांछित फाउंडेशन ने पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों को जारी रखा।पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान अधिक से अधिक पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया, जिससे क्षेत्र में वायु गुणवत्ता में सुधार हो सके और जैव विविधता को बढ़ावा मिल सके। वांछित फाउंडेशन की यह पहल न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाती है, बल्कि स्थानीय समुदाय को भी इस महत्वपूर्ण कार्य में शामिल होने के लिए प्रेरित करती है। बलभद्र सिंह सिकरवार और वांछित फाउंडेशन की टीम ने इस कार्यक्रम के माध्यम से एक स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।,इस अवसर पर साथ, हरगोबिंद सिंह चौहान उरकरा कालपी जिला जालौन उत्तर प्रदेश, सृष्टि चौहान, पूर्णमा सिकरवार व्ही आईं पी नगर अमायन ने भी, वृक्षारोपण में हिस्सा लिया।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# अहमदाबाद विमान हादसे की लापरवाही पर प्रधानमंत्री, गृहमंत्री तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दें : फौजदार

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** दिनांक 12 जून 2025 को गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के मात्र कुछ सेकंड बाद ही एयर इंडिया का अक -171 विमान हादसे में सभी मृत आत्माओं को भारतीय नौजवान इंकलाब पार्टी के संस्थापक आजाद खेमसिंह फौजदार ने श्रद्धांजलि देते हुए सभी शोक-संतप्त परिवारों के प्रति गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं और उन्होंने सभी आत्माओं को शांति प्रदान करने की कामना की है! साथ ही भारत सरकार से मांग की है कि बेहद दर्दनाक विमान हादसे की पूर्ण जिम्मेदारी सरकार अपने ऊपर लेते हुए तत्काल प्रभाव से देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री एवं विमानन नागरिक उड्डयन मंत्री को देशहित में इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब देश में कभी



कहीं कभी कहीं लगातार निरपराध नागरिकों की होती हुई दर्दनाक मौतों से अब देश की जनता तंग आ चुकी है। अफसोस जहां मारी जाती है वहां बेकुसूर जनता ही मारी जाती है! सोचने वाली बात है! फौजदार ने कहा कि आज देश में बेकसूर जवानों कभी सामान्य नागरिकों की होती हुई दर्दनाक मौतों का देश की जनता इससे अधिक और तमाशा नही देख सकती। क्या पुलवामा और क्या पहलगांव ये सब सोची समझी साजिशों का नतीजा नहीं तो और क्या है? सरकार को चिंता है तो बस कुर्सी की चिंता है! सरकार के जाने भाड में जाए जवान और भाड में जाए किसान और आम नागरिक! फौजदार ने कहा कि देश में सुशासन कायम करने हेतु जितने भी देश के मंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, सांसद, विधायक एवं ए क्लास अधिकारी हैं, उन सभी की अपने-अपने कार्यक्षेत्रों की जिम्मेदारी और जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए!

# अंधविश्वास एक सामाजिक बीमारी, भय भ्रम और बर्बादी का रास्ता : जे.पी. शर्मा

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान/जयपुर।** भारत जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक देश में आस्था का गहरा महत्व है, लेकिन जब आस्था अंधविश्वास में बदल जाए, तो यह समाज के लिए एक गंभीर बीमारी बन जाती है। अंधविश्वास न केवल व्यक्ति की सोच को कुंद करता है, बल्कि उसका आर्थिक, मानसिक और पारिवारिक जीवन भी तहस-नहस कर देता है। आज के दौर में यह अंधविश्वास एक विकराल रूप ले चुका है। गाँव-शहर, गली-मोहल्ले में जगह-जगह ढोंगी बाबाओं, स्वयंभू साध्वियों और नकली तांत्रिकों की दुकानें सज चुकी हैं। हर कोई किसी न किसी समस्या से जूझ रहा है नौकरी नहीं लग रही, विवाह में देरी हो रही, संतान की चिंता है, बीमारी से राहत नहीं मिल रही और इन समस्याओं का फायदा उठाने वाले ये ढोंगी लोग खुद को कभी हनुमानजी की छाया में बताते हैं, तो कभी भैरव बाबा या माँ देवी का साक्षात रूप। इनका तरीका बड़ा आसान होता है पहले डर पैदा करो, फिर उसका 'तोड़' बेचो। तुम पर



किसी की छाया है, तुम्हारे घर में भूत है, किसी ने टोटका कर दिया है जैसी बातें कहकर लोगों को भ्रम में डालते हैं। भोली-भाली जनता डर के मारे इनके जाल में फँस जाती है, और शुरू होता है पैसे की बर्बादी का सिलसिला। कई परिवार इनकी झूठी बातों में आकर अपनी मेहनत की कमाई गँवा देते हैं, रिश्तों में दरार आ जाती है, और मानसिक तनाव इतना बढ़ जाता है कि आत्महत्या जैसे कदम भी उठ जाते हैं। असली दुःख तो तब होता है जब इन ढोंगियों की हकीकत सामने आने पर भी वे अपने कृत्यों से बाज नहीं आते। ऐसे लोगों के दस बीस लोग हमेशा इनके इर्दगिर्द होते हैं जो या तो अंधविश्वास से पीड़ित होते हैं या फिर इनके खरीदे हुए होते हैं। कुछ तो जेल तक जाकर फिर से वही खेल शुरू कर देते हैं। ये सिर्फ धोखेबाज नहीं, सामाजिक अपराधी हैं, जो जनता की मजबूरी और अज्ञानता का दोहन कर रहे हैं। समस्या सिर्फ इन ढोंगियों की नहीं है, बल्कि समाज की भी है जो अंधविश्वास की आंखों पर पट्टी बाँधे चलता जा रहा है। शिक्षा, वैज्ञानिक सोच, और जागरूकता ही इस अंधविश्वास रूपी बीमारी की एकमात्र दवा है। जब तक हम तर्क और विज्ञान के रास्ते नहीं चलेंगे, तब तक ऐसे फरेबियों का कारोबार फलता-फूलता रहेगा।समय आ गया है कि समाज जागे, सवाल करे और विश्वास के नाम पर फैलाए जा रहे इस अंधकार को खत्म करे। वरना ये ढोंगी लोग न सिर्फ आस्था को कलंकित करेंगे, बल्कि मानवता को भी शर्मसार करते रहेंगे।

# झगड़ा प्रथा पर रोक लगाने की मांग को लेकर गुर्जर समाज ने ज्ञापन सौंपा

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान/भीलवाड़ा।** समाज मे चल रही सामाजिक कुप्रथा झगड़ा प्रथा की रोकथाम को लेकर गुर्जर समाज सुधार कमेटी द्वारा जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा को ज्ञापन सौंपा ।एडवोकेट नरेन्द्र गुर्जर व सामाजिक कार्यकर्ता महावीर गुर्जर ने बताया कि जब कोई लड़का लड़की आपसी सहमति से बिना किसी दबाव के स्वेच्छा से शादी कर लेते है तो समाज के पंच-पटेल लड़के के परिवार वालों पर सामाजिक दबाव बनाकर, मनमाने रूप से झगड़े के नाम पर लाखों रुपये की राशि



तय कर देते है । तय झगड़ा राशि निर्धारित समय मे लड़के परिवार को जमा करवानी पड़ती है स झगड़ा कुप्रथा के कारण कई परिवार बर्बाद हो गए है, उन्हें अपनी जमीन तक बेचकर झगड़ा राशि देनी पड़ती है,परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हो जाते है, परिवार शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी मापदंडों पर पिछड़ रहे है।आज इसी झगड़ा कुप्रथा पर रोक लगाने व झगड़ा प्रथा में शामिल लोगों पर कानूनी कार्यवाही करने की मांग को लेकर गुर्जर समाज सुधार कमेटी ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान गुर्जर समाज सुधार कमेटी के नारायण भड़ाना, चांदमल गुर्जर, रामप्रसाद गुर्जर, चेनु कसाना, हरिलाल राक्षी, महावीर गुर्जर, महादेव चेची, कालू डाबला, शिवलाल सुल्तानगढ़, दुधाराम गुर्जर, गोपाल दुदला, हीरालाल, देबी लाल, भागचंद, कैलाश, रामलाल, ऊँकार, पन्ना, ईश्वर, देवराज गुर्जर सहित सैकड़ों समाज जन उपस्थित रहे।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### महाराष्ट्र में बारिश का हाई अलर्ट

शुक्रवार को दिनभर मुंबई में आसमान में बादल छाए रहे। आखिरकार शाम के समय मुंबई और कुछ उपनगरों में जोरदार बारिश हुई। थोड़ी देर हुई बारिश से वातावरण में ठंडक फैल गई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। दूसरी ओर, सांगली में भी पिछले दो दिनों से बारिश जारी है।बारिश के कारण कई नदियों और नालों में पानी का स्तर बढ़ गया है और बाढ़ जैसे हालात दिखने लगे हैं। इससे किसानों को राहत मिली है और खेती के काम में तेजी आने की उम्मीद है। इस साल राज्य में मानसून ने समय से पहले दस्तक दी है। आमतौर पर मानसून हर साल लगभग 7 जून को महाराष्ट्र में प्रवेश करता है, लेकिन इस बार यह 12 दिन पहले यानी 25 मई को ही पहुंच गया। उसके बाद चार से पांच दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश हुई और महाराष्ट्र को अच्छी खासी भीगावट मिली। हालांकि, बारिश के चलते किसानों की बुवाई से पहले की खेती संबंधी तैयारियों में थोड़ी देरी हुई। इसके बाद कुछ दिनों के लिए बारिश ने विराम लिया, जिससे किसानों को खेतों की तैयारियों को पूरा करने का समय मिला। पिछले दो दिनों से राज्य के कई हिस्सों में फिर से अच्छी बारिश शुरू हो गई है, जिससे किसानों को बड़ी राहत मिली है। अब बुवाई का कार्य तेजी से शुरू हो सकेगा। दूसरी ओर, मौसम विभाग ने एक बार फिर राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी है।

### एअर इंडिया प्लेन क्रैश से बीमा कंपनियों का बुरा हाल

एक्सपर्ट्स का कहना है कि एअर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त प्लेन के पैसेंजर्स के परिजनों को मुआवजा मॉन्ट्रियल कन्वेंशन 1999 के तहत दिया जाना चाहिए। यानी कि मृतकों के आश्रितों को 1,28,821 रुफ्र(स्पेशल ड्राइंग राइट्,) का भुगतान करना होगा, जो मौजूदा दरों के हिसाब से प्रति यात्री 1.4 करोड़ रुपये बैठता है। वर्तमान समय में एक एसडीआर की कीमत 120 रुपये है, जो अमेरिकी डॉलर, चीनी रॅन्मिन्बी, यूरो, जापानी येन और ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग इन पांच मुद्राओं पर आधारित है। हालांकि, अंतिम भगतान इस बात पर निर्भर करेगा कि एअर इंडिया ने अपने यात्रियों के लिए कितनी बीमा पॉलिसी ली थी। के लिए मॉन्ट्रियल कन्वेंशन के तहत एक कानूनी प्रेमवर्क होता है, जो यात्रियों के हित में होता है। इस कानून के अनुसार, यदि कोई एयरलाइन कंपनी किसी पैसेंजर को पहुंचने वाले नुकसान का जिम्मेदार है, तो उन्हें अनिवार्य रूप से मुआवजे का भुगतान करना होगा। बता दें कि साल 2009 में भारत ने मॉन्ट्रियल कन्वेंशन को अपनाया था। मॉन्ट्रियल कन्वेंशन (एक अंतरराष्ट्रीय विमानन संधि) के तहत, एयरलाइनों को मौत के मामले में प्रति यात्री लगभग 171,000 डॉलर या (1,28,821 SDR) का मुआवजा देना जरूरी है। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह प्रति व्यक्ति 250,000 डॉलर हो सकता है।

### 'मैं जिंदा हूं पोस्टमार्टम रुकवाइए'

इस दौरान अजय को जिंदा देखकर पुलिस अचंभित हो गई। कानपुर देहात के ईदुरखु निवासी अजय शंखवार ने घाटमपुर थाने पहुंचकर अपनी पूरी कहानी बताई। थाने पर अजय ने बताया कि मैं भीतरगांव कस्बा के ईंट भट्टे पर मजदूरी करता हूं। मेरे पास मोबाइल नहीं है, इसलिए महीने में 2-4 बार ही घर पर बात करता हूं। आज सुबह भट्टे पर पुलिस वाले आए थे और मेरे बारे में पूछताछ कर रहे थे। इस दौरान मुझे देखर पुलिस वाले चौक गए। उन्होंने कहा कि एक शव की शिनाख्त तुम्हारी बहन ने तुम्हारे रूप में की है। उस शव को घाटमपुर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अजय ने कहा कि इसके बाद पुलिस वालों ने मुझे कहा कि जल्दी घाटमपुर थानें पहुंचकर खुद को जिंदा साबित करो। नहीं कागजों में मृत घोषित कर दिए जाओगे। इसके बाद युवक आनन-फानन में भागकर घाटमपुर पुलिस थाने पहुंचा और खुद के जीवित होने का प्रमाण दिया।

### मुंबई में बनेगा भारत का पहला 'इंटरनेशनल एजुकेशनल हब'

कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल भी मौजूद रहेंगे। महाराष्ट्र सरकार के मार्गदर्शन में सिडको द्वारा स्थापित की जा रही यह अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा पूरे भारत में छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा का अवसर प्रदान करेगी। जिससे विभिन्न संस्कृतियों के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा और विभिन्न पृष्ठभूमि के छात्रों और प्रोफेसरों के बीच सहयोग और संचार बढ़ेगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य भारत में अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करना और महाराष्ट्र में विदेशी विश्वविद्यालयों के परिसर स्थापित करना है।

## प्लेन क्रैश में मृतकों की संख्या पहुंची 270

# ब्लैक बॉक्स मिला, खुलेगा हादसे का राज

*गुजरात के अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त होने वाले एयर इंडिया के विमान में मृतकों की संख्या 270 तक पहुंच गई है। दुर्घटनास्थल के मलबे से ब्लैक बॉक्स बरामद किया गया। जिससे दुर्घटना के राज खुलेंगे। गुजरात एटीएस के अधिकारियों के अनुसार डीवीआर की फॉरेंसिक जांच की जाएगी कि यह डीवीआर विमान का है या किसी अन्य उपकरण का।*

मुंबई हलचल / अहमदाबाद

विमान दुर्घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घटनास्थल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया तथा हताहतों के परिजनों से तथा अस्पताल में घायलों की स्थिति देखी। टाटा ग्रुप ने हादसे में मृतक सभी के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए मुआवजा देने कहा है चाहे वे विमान में सवार थे अथवा नहीं।

विमान दुर्घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घटनास्थल पहुंचे और वहां का दर्दनाक दृश्य देखकर द्रवित हो गए। इस दौरान मोदी ने दिवंगत गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपानी के परिजनों से तथा घायलों से मुलाकात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया। टाटा ग्रुप ने भी विमान में सवार सहित इस हादसे में काल कवलित हुए अन्य सभी लोगों को एक-एक करोड़ रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है।




### पीएम रूपाणी के परिवार से मुलाकात की

पीएम मोदी ने गांधीनगर में विजय रूपाणी के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर लिखा- यह कल्पना करना भी मुश्किल है कि विजयभाई अब हमारे बीच नहीं हैं। मैं उन्हें दशकों से जानता था। हमने साथ मिलकर काम किया, कंधे से कंधा मिलाकर, कई मुश्किल दौरों में भी। विजयभाई विनम्र और मेहनती थे, और पार्टी की विचारधारा के प्रति पूरी तरह समर्पित थे। उन्होंने संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां निभाईं और बाद में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में ईमानदारी से सेवा की।

## साबित हुआ आखिरी सफर

# पति के बर्थ-डे सेलब्रेशन में जा रहीं थीं हरप्रीत



मुंबई हलचल / भिलाई

अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। इस दुर्घटना में भिलाई की एक युवा साफ्टवेयर इंजीनियर बेटी की भी दर्दनाक मौत हो गई। 270 यात्रियों की अग्निसमाधि बना दुर्घटनाग्रस्त एयर इंडिया का ड्रीमलाइनर प्लेन में पति की लंबी उम्र के जश्न में शामिल होने लंदन जा रही हरप्रीत कौर के लिए भी आखिरी सफर साबित हुआ। उनके अचानक चल बसने से उनकी ननिहाल नेहरु नगर सहित शहर में गमगीन माहौल है। गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के एक प्लेन के अहमदाबाद में क्रैश हो जाने से इसमें सवार 242 यात्रियों की मृत्यु हो गई। इस भंयकर दुर्घटना ने भिलाई के एक प्रतिष्ठित सिख परिवार से उसकी सबसे लाडली युवा सदस्य को छीन लिया।

- **अहमदाबाद प्लेन हादसे में भिलाई की बेटी भी चल बसी**
- **चार साल पूर्व हुई थीं इंदौर के रांबी वोरा से शादी**

### समाज में गम का माहौल

गुरूवार को जैसे ही अहमदाबाद में विमान हादसे की खबर यहां उनके नाना को लगी, तो उन्होंने लंदन में दामाद राबी को कांल कर हादसे की सूचना दी। इसके बाद शुक्रवार को सुबह भिलाई से सदमे की हालत में नाना नानी माना रायपुर से प्लेन से अहमदाबाद के लिए निकले। वह डीएनए आदि शिनाख्त की प्रक्रिया में शामिल होंगे। परिजनों ने बताया की विमान हादसे में चल बसी हरप्रीत पिता महेंद्र सिंह होरा व अपनी मां की बहुत लाडली थी। बेटे की तरह परवरिश हुई थी, उनके कोई पुत्र नहीं था। छोटी बहन मां के पास रहती है। वहीं पति के साथ अपनी ननिहाल भिलाई आखिरी बार चार माह पूर्व आई थी। हरप्रीत की विमान दुर्घटना में मौत के बाद यहां नेहरुनगर सहित समाज में गम का माहौल है।

# सब कुछ जल गया मगर भगवद् गीता को आंच तक नहीं आई...

अहमदाबाद विमान हादसे के बाद इतनी भीषण आग लगी कि चंद मिनटों में न केवल लोहा तक पिघल गया बल्कि वहां मौजूद पशु-पक्षी, वृक्ष तक जलकर खाक हो गए लेकिन विमान में किसी यात्री के बैग में रखी भगवद् गीता को आंच तक नहीं आई और वह सुरक्षित बची। सोशल



मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें राहत-बचाव कार्य में लगा एक युवक हाथों में सुरक्षित भगवद् गीता लिए दिखा रहा है। शुरुआत के एकाध पन्ने पर जलने के निशान हैं लेकिन अंदर के सभी पन्ने और किताब में मौजूद भगवान श्रीकृष्ण व देवी-देवताओं की तस्वीरें सुरक्षित हैं।

## घायलों से मिले मोदी, क्रैश साइट देखकर हुए भावुक



### सभी विमानों की सुरक्षा जांच अनिवार्य

डीजीसीए ने बोइंग के सभी ड्रीमलाइनर विमानों की बेड़े पर सुरक्षा जांच को सख्त कर दिया है। डीजीसीए ने विमान कंपनियों को आदेश दिया है कि उन्हे 15 जून की मध्यरात्रि से भारत से उड़ान भरने के पहले समुचित जांच कराना अनिवार्य है।

## इजराइल ने ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकानों पर किए हमले

# दोनों देशों के बीच तनाव के चलते एयर इंडिया ने बदले कई उड़ानों के रूट, जारी की एडवाइजरी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

इजराइल ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु ठिकानों और सैन्य स्थलों पर प्री-एम्पटिव (पहले से की गई सुरक्षा) कार्रवाई करते हुए हमला किया। इससे पूरे ईरान में अफरा-तफरी मच गई। पलटवार करते हुए ईरान ने भी इजराइल पर ड्रोन दागे। इसके बाद से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। इजराइल, ईरान, इराक और जॉर्डन ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। दोनों देशों के बीच शुरू हुए इस संघर्ष का असर एयरलाइंस के परिचालन पर भी पड़ा है। एअर इंडिया और कतर एयरवेज समेत कई एयरलाइंस को अपनी फ्लाइट या तो रद्द करनी पड़ी या उन्हें डायवर्ट कर दिया गया।

एयर इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा जाने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के रूट डायवर्ट किए जा रहे हैं और कुछ फ्लाइट्स को वापस भेजा जा रहा है। ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव और क्षेत्र में एयरस्पेस को लेकर अनिश्चितताओं के बाद यह एडवाइजरी जारी की गई। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि ईरान में मौजूदा स्थिति के कारण वहां के हवाई क्षेत्र को बंद करने और हमारे यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, एयर इंडिया की उड़ानों का मार्ग बदला जा रहा है या उन्हें वापस भेजा जा रहा है। एडवाइजरी में यात्रियों को उनकी एयरलाइन को लेकर लेटेस्ट शेड्यूल और अपडेट्स चेक करने की सलाह दी गई।

### इन रूटों पर यातायात किया डायवर्ट



फ्लाइट रद्द होने के बाद मुंबई एयरपोर्ट पर खड़े हुए विमान

एआई130- लंदन हीथ्रो-मुंबई (वियना की ओर परिवर्तित), एआई102- न्यूयॉर्क-दिल्ली (शारजाह की ओर परिवर्तित), एआई116- न्यूयॉर्क-मुंबई (जेद्दा की ओर परिवर्तित), एआई2018- लंदन हीथ्रो-दिल्ली (मुंबई की ओर परिवर्तित गया, एआई129- मुंबई-लंदन हीथ्रो (मुंबई वापस लौट रही है), एआई119- मुंबई-न्यूयॉर्क (मुंबई वापस लौट रही है), एआई103- दिल्ली-वाशिंगटन (दिल्ली वापस लौट रही है), एआई106- नेवार्क-दिल्ली (दिल्ली वापस लौट रही है), एआई188- वैंकूवर-दिल्ली (जेद्दाह की ओर परिवर्तित), एआई101- दिल्ली-न्यूयॉर्क (फ्रैंकफर्ट/मिलान की ओर परिवर्तित), एआई126- शिकागो-दिल्ली (जेद्दाह की ओर परिवर्तित), एआई132- लंदन हीथ्रो-बेंगलुरु (शारजाह की ओर परिवर्तित), एआई2016- लंदन हीथ्रो-दिल्ली (वियना की ओर परिवर्तित), एआई104- वाशिंगटन-दिल्ली (वियना की ओर परिवर्तित), एआई190- टोरंटो-दिल्ली (फ्रैंकफर्ट की ओर परिवर्तित) और एआई189- दिल्ली-टोरंटो (दिल्ली वापस लौट रही है)।

### असुविधा पर एयर इंडिया ने खेद जताया

एयरलाइन ने कहा कि इस् यवधान के कारण यात्रियों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। कंपनी यात्रियों के लिए आवास उपलब्ध करवाने के हर संभव प्रयास कर रही है। रिफंड ऑन कैंसलेशन और कॉम्प्लीमेंट्री रीशेड्यूलिंग की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। सभी यात्री अपनी उड़ान की स्थिति की जांच करते रहें।

### दिल्ली एयरपोर्ट ने जारी की एडवाइजरी

दिल्ली एयरपोर्ट ने एडवाइजरी जारी की है। दिल्ली एयरपोर्ट ने कहा कि दिल्ली एयरपोर्ट के संचालन पर फिलहाल कोई असर नहीं है। दिल्ली एयरपोर्ट पर हवाई यात्राएं जारी हैं। हालांकि, इजराइली हमले के चलते कुछ उड़ाने प्रभावित जरूर हुई हैं। दिल्ली एयरपोर्ट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली एयरपोर्ट पर परिचालन सुचारू रूप से चल रहा है।

**भारतीय सतर्क रहें**

इजराइल में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि क्षेत्र में मौजूदा स्थिति को देखते हुए इजराइल में सभी भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और इजराइली अधिकारियों और होम फ्रंट कमांड द्वारा बताए गए सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी जाती है। कृपया सावधानी बरतें, देश के भीतर गैर जरूरी यात्रा से बचें और सुरक्षा स्थलों के नजदीक रहें।

**परमाणु खतरे को रोकना**

### इजराइल का 'राइजिंग लायन' सैन्य अभियान

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को ईरान के खिलाफ एक बड़ा सैन्य अभियान शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस अभियान का नाम ऑपरेशन राइजिंग लायन रखा गया है।



नेतन्याहू ने बताया कि इस अभियान को शुरू करने का मकसद ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों से पैदा हो रहे खतरे को खत्म करना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता। नेतन्याहू ने ईरान पर आरोप लगाया कि वह वैश्विक चेतावनियों को नजरअंदाज करके अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान के पास नौ परमाणु बम बनाने जितना उच्च संवर्धित यूरेनियम भंडार है। नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि ईरान कुछ ही महीनों में परमाणु हथियार विकसित कर सकता है। नेतन्याहू ने वर्तमान स्थिति की तुलना द्वितीय विश्व युद्ध से की और बढ़ते खतरों के सामने होलोकॉस्ट और अतीत की वैश्विक निष्क्रियता का संदर्भ दिया।

# आईमैक के पूरा होने पर यूरोप को प्रशांत क्षेत्र तक मिलेगी सराहनीय कनेक्टिविटी: एस जयशंकर

**यह जानकारी विदेश मंत्री ने फ्रांस में आयोजित किए गए रायसीना-मेडिटेरेनियन-25 के उद्घाटन के मौके पर आयोजित की गई परिचर्चा के दौरान दी**

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईईसी) के पूरा हो जाने के बाद इसे यूरोप के लिए जमीनी और समुद्री कनेक्टिविटी के लिहाज से यूरोप से प्रशांत क्षेत्र तक सराहनीय रूप से कनेक्टिविटी स्थापित करने वाला बताया। यह आईमैक के नाम भी जाना जाता है और इसमें दो अलग-अलग गलियारे बनाए जा रहे हैं। जिसमें पूर्वी गलियारा भारत को खाड़ी से और उत्तरी गलियारा खाड़ी को यूरोप से जोड़ेगा। यह जानकारी विदेश मंत्री ने फ्रांस में आयोजित किए गए 'रायसीना-मेडिटेरेनियन-25' के उद्घाटन के मौके पर आयोजित की गई परिचर्चा के दौरान दी। उन्होंने ये भी कहा कि मुझे लगता है कि कनेक्टिविटी से जुड़ा यह कदम आज की कूटनीति में भी एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। हालांकि जब आईमैक यहां नहीं था। यूरोप को हूतियों के खतरे के बावजूद भारत के पश्चिमी तट तक एक अच्छी और प्रभावी पहुंच मिल गई थी। भारत रेलवे में एक बहुत बड़ा निवेश कर रहा है। जिसके जरिए हम पूर्वी भारत को वियतनाम से जोड़ेंगे।




### स्वेज नहर की दिलाई याद

*उन्होंने परिचर्चा में शामिल हुए दर्शकों को स्वेज नहर की याद दिलाई और कहा कि कनेक्टिविटी का यही काम लंबे समय से नहर कर रही है। लेकिन एक बार आईमैक के पूरा हो जाने के बाद आप देखेंगे कि कि दुनिया पर इसका कितना महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। ऐसे में वास्तव में अगर हम इसे आगे ले जाते हैं तो आपको यूरोप से एक मार्ग मिलेगा जो प्रशांत तक जाएगा। जिसमें जमीनी और कुछ समुद्री भाग शामिल होगा। कुछ हद तक यह आकर्टिक पर आश्रय का भी मुकाबला करेगा। जब कभी भी ऑकर्टिक खुलेगा। कनेक्टिविटी का खेल एक बड़ा खेल हो जाएगा। गौरतलब है कि वर्ष 2023 में नई दिल्ली में भारत की अध्यक्षता में आयोजित किए गए जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान एक समझौता ज्ञापन के जरिए आईमैक को विकसित करने के लिए एकजुटता से काम करने की घोषणा की गई थी। जिसमें भारत, ईयू, फ्रांस, जर्मनी, इटली, सऊदी अरब, यूएई और अमेरिका जैसे देश शामिल हुए।*

### यह होगा आईमैक से लाभ

दोनों कॉरिडोर के बनने से संबंधित क्षेत्र में कनेक्टिविटी, क्षमता बढ़ेगी, लागत घटेगी, एक सुरक्षित क्षेत्रीय सप्लाई चेन स्थापित होगी। जिससे व्यापार को लेकर पहुंच बढ़ेगी और रोजगार का सृजन होगा। इसके अलावा एशिया, यूरोप और मध्य पूर्व के बीच क्रांतिकारी रूप से एकीकरण होगा। इस परिचर्चा की थीम द नेक्टस स्पेशल रिलेशनशिप: दीपनिंग द स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप बिटवीन द इंडो-पैसेफिक एंड यूरोप रखी गई थी। विदेश मंत्री जयशंकर के अलावा इसमें आर्मेनिया के विदेश मंत्री आरारात मिर्जोयान व अन्य शामिल हुए। जयशंकर ने देशों के साथ भरोसे पर आधारित संबंधों पर जोर देते हुए कहा कि मुश्किल के वक्त भरोसे के साथ खड़े रहने वालों को व्यापार के लिए पसंद से जुड़ी छूट होगी। विश्वास का अर्थ ये है कि हम एक-दूसरे के साथ अंतरआत्मा की आवाज के साथ सहज और सुरक्षित महसूस करते हैं। इसमें हमारे साझा मूल्य, विचार शामिल हैं। उन्होंने हालिया हुए भारत-पाक संघर्ष के संदर्भ को भी इससे जोड़ा। यूरोप में भी अपनी कई प्रकार की समस्याओं को लेकर आत्मबोध हुआ है। समाधानों का आकलन होगा। जिन पर यूरोप स्वयं विचार करेगा। आज का यूरोप ज्यादा जागरूक है, ज्यादा आत्मनिर्भर और ज्यादा सामरिक स्वायत्त है। जो कि ज्यादा समान भागीदारों को पसंद करेगा, इसे लेकर हम यूरोप के साथ काम कर सकते हैं।

## सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

# ईरान पर इजरायली हमले से शेयर बाजार में हाहाकार, सेंसेक्स में 573 अंकों की गिरावट

मुंबई हलचल / मुंबई

*कमजोर वैश्विक बाजारों और ईरान के सैन्य प्रतिष्ठानों पर इजराइली हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट पर रहे। सेंसेक्स 573 अंक और निफ्टी 170 अंक टूट गया।*

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 573.38 अंक यानी 0.70 प्रतिशत गिरकर 81,118.60 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में सेंसेक्स 1,337.39 अंक तक गिरकर 80,354.59 पर आ गया था लेकिन बाद में एक हद तक संभल गया। निफ्टी 169.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत गिरकर 24,718.60 अंक पर बंद हुआ।

### विदेशी पूंजी बाहर जाने की आशंका

विश्लेषकों का मानना है कि इजराइल और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध छिड़ने और विदेशी पूंजी के बाहर जाने की आशंकाओं के बीच निवेशकों ने जोखिम वाले शेयरों से दूर रहना बेहतर समझा।

### एकतरफा शुल्क लगाने से चिंता बनी हुई

मेहता इक्विटी लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, /"पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से निवेशकों ने सोने जैसे सुरक्षित निवेश का रुख किया और जोखिम भरे इक्विटी बाजार से दूर रहे। अगले कुछ हफ्तों में अमेरिका की तरफ से एकतरफा शुल्क लगाने की नई चिंताओं ने भी धारणा पर असर डाला।/"

**बाजार से विदेशी पूंजी के बाहर जाने की संभावना** → **निवेशकों ने जोखिम वाले शेयरों से दूर रहना बेहतर समझा** → **निवेशकों ने सोने जैसे सुरक्षित निवेश का रुख किया**

### दो दिनों में निवेशकों के 8.35 लाख करोड़ डुबे

शेयर बाजार में दो सत्रों से जारी गिरावट के बीच इक्विटी बाजार के निवेशकों को कुल 8.35 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में खासी तेजी देखी गई। इस तीव्र गिरावट के चलते बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण दो सत्रों में 8,35,799.85 करोड़ रुपये घटकर 4,47,21,343.34 करोड़ रुपये रह गया।



### कच्चा तेल 76 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

नायर ने कहा कि ब्रेंट क्रूड की कीमतें 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई, जो इस साल का उच्चतम स्तर है, जिससे तनाव जारी रहने पर मुद्रास्फीति की आशंका बढ़ गई है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 7.44 प्रतिशत उछलकर 74.52 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

*__इन शेयरों में रही घट-बढ़ :__ सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे ज्यादा गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा और मारुति के शेयरों में बढ़त रही।*

### तेल से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में गिरावट

बीएसई पर भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयर में 1.90 प्रतिशत, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन में 1.78 प्रतिशत और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयर में 1.41 प्रतिशत की गिरावट आई। दिनभर के कारोबार में बीपीसीएल में 6.11 प्रतिशत, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड में 5.34 प्रतिशत और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन में 3.91 प्रतिशत तक की गिरावट आई थी। इंटरग्लोब एविएशन के शेयर में 3.71 प्रतिशत और स्पाइसजेट के शेयर में 1.95 प्रतिशत की गिरावट आई। सत्र के दौरान स्पाइसजेट का शेयर 5.64 प्रतिशत और इंटरग्लोब एविएशन का शेयर 5.62 प्रतिशत तक गिर गया था।

# मेघालय में हत्याकांड की फिल्मी स्क्रिप्ट: कौन था लीड रोल में, शिलांग SP ने खोले पूरे राज







**शिलांग/इंदौर।** मेघालय के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की गुत्थी को शिलांग पुलिस ने आखिरकार सुलझा लिया है। पुलिस के मुताबिक, हत्या का मास्टरमाइंड राज कुशवाह था, जिसकी प्रेमिका सोनम ने इस जघन्य साजिश में पूरा साथ दिया। ये कोई सुपारी किलिंग नहीं थी, बल्कि दोस्ती के नाम पर तीन युवकों को हत्या में शामिल किया गया। प्रेम प्रसंग, पारिवारिक दबाव और शादी से इनकार की कहानी इस हत्याकांड के पीछे की वजह बनी। पुलिस ने बताया कि हत्या की योजना फरवरी से बनाई जा रही थी और आखिरकार 23 मई को चेरापूंजी के पास इसे अंजाम दिया गया। बता दें कि राज कुशवाह और सोनम के बीच प्रेम संबंध थे। लेकिन जब सोनम की शादी इंदौर निवासी राजा रघुवंशी से तय हुई, तो दोनों ने मिलकर राजा को रास्ते से हटाने की साजिश रची। दो बार सोनम की झूठी मौत दिखाने की योजना बनी लेकिन नाकाम रही। अंत में राजा की हत्या का प्लान फाइनल हुआ।

सोनम राजा को कामाख्या मंदिर ले गई। वहां तीनों आरोपी उनसे जुड़ गए और हत्या की योजना को अंजाम देने के लिए चेरापूंजी पहुंचे। राज ने आकाश राजपूत, विशाल सिंह चौहान और आनंद कुर्मी को साथ लिया। कोई सुपारी नहीं दी गई, सिर्फ दोस्ती और 59,000 रुपये खर्च के नाम पर हत्या में मदद ली गई।

**23 मई को हत्या फिर बुर्का पहन भागी सोनम**

सोनम और राजा वेसावडॉन्ग फॉल्स गए, वहीं पार्किंग एरिया में 2:00 से 2:18 बजे के बीच हत्या कर लाश को खाई में फेंक दिया गया। सोनम ने हत्या के बाद बुर्का पहनकर गुवाहाटी, सिलीगुड़ी, पटना, आरा होते हुए इंदौर पहुंची।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# केले के छिलके से सोरायसिस का इलाज !

सोरायसिस या अपरस एक त्वचा रोग है, जो आपके शरीर के किसी भी हिस्से जैसे पीठ, गर्दन, पैरों और यहां तक मुंह को भी प्रभावित कर सकता है। यह बहुत दर्दनाक रोग हैं।सोरायसिस की समस्या होने पर त्वचा पर लाल रंग के परतदार पैच हो जाते हैं और इससे रोग से प्रभावित जगह पर खुजली होने लगती हैं। इस तरह का रोग होने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह ले। आप चाहे तो घर में भी इसका घरेलू उपचार करके देख सकते है। जी हां, आज हम आपको केले के छिलके से इस रोग का घरेली इलाज बताएंगे, जिससे काफी हद तक आराम मिलेगा। इस पेस्ट को बनाने के लिए कुछ केले के छिलको तो छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब इन ब्लेंडर में पीसकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट में तारकोल मिला लें। फिर इसे प्रभावित जगह पर लगाकर रगड़े और आधे घंटे तक ऐसे ही रहने दें।

# संबंध बनाने से अच्छी रहती है सेहत

एक जमाना था जब लोग शारीरिक संबंध बनाने को अच्छा नहीं समझते थे। आजकल साइंस ने बहुत तरक्की कर ली है और यह बात साबित हो चुकी है कि सैक्स औरत-पुरुष के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी हैं। आइए जानते है शारिरिक संबंध किन-किन कारणों से जरूरी है।



***1. सर्दी,फ्लू और पेट का खतरा कम:*** *एक शोध में पता चला हैं कि अगर पति-पत्नि हफ्ते में 2 बार शारीरिक संबंध बनाते हैं तो इससे सर्दी,फ्लू और पेट की बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। अगर वहीं कपल्स हफ्ते में 3 से ज्यादा बार संबंध बनाते हैं तो इससे बीमार होने का खतरा बढ़ सकता है।*

***2. अच्छा रहता है मूड:*** *पती-पत्नि के बीच शारिरिक संबंध बनाने के बाद रक्त संचार बढता है और ऑक्सीटॉसिन नाम के रसायन की उत्पत्ति होती है। जिससे मूड अच्छा रहता है।*

***3. मोटापे का खतरा कम:*** *शारिरिक संबंध बनाने से 100 से 250 कैलरी बर्न होती है। इससे मोटापे का खतरा कम हो जाता है।*

***4. डिलीवरी के दर्द से राहत:*** *पति-पत्नी अगर नियमित रूप से शारीरिक संबंध बनाते हैं तो इससे प्राइवेट पार्ट की मांसपेशियों में चिकनाहट पैदा होती है। जिससे डिलीवरी के समय परेशानी कम होती है।*

***5. प्रैग्नेंसी में होने वाली परेशानी दूर:*** *एक शोध के मुताबिक जो औरतें लंबे समय तक सैक्स से दूर रहती हैं। उनको प्रैग्नेंसी में बहुत परेशानियां आती हैं।*


***6. पीरियड्स की तकलीफ दूर:*** *सैक्स करने से शरीर में एस्ट्रोन की मात्रा ठीक हो जाती है, जिससे पीरियड्स में होने वाली ब्लीडिंग की परेशानी कम हो जाती है।*

***7. सूंघने की शक्ति:*** *सैक्स के दौरान फेरामोन्स की तलाश करने के लिए नाक ज्यादा संवेदनशील हो जाता है। जिससे नाक की पेशियों में खून का दौरा बढ़ता है और सूंघने की शक्ति मजबूत हो जाती है।*

***8. लंबी उम्र का राज:*** *शारीरिक संबंध में लंबी उम्र का राज छिपा है। शोध के मुताबिक सहवास से मिलने वाली संतुष्टि से तनाव कम हो जाता है। इससे मानसिक सुख मिलता है,जिसका असर हमारी उम्र पर पड़ता है।*

***9. सैक्स से रहते हैं जवान:*** *10 साल लगातार किए गए शोध के मुताबिक यह बात सामने आई है कि बढ़ती उम्र में भी जवान दिखाई देने के पीछे के कारण शारिरिक संबंध है।*

# आपकी इन गलत आदतों से हो सकती है किडनी खराब !



*किडनी का हमारे शरीर में बहुत महत्व होता हैं। किडनी हमारे शरीर के कई महत्वपूर्ण कार्य करती हैं लेकिन हमारी कुछ गलत आदतें किडनी को नुकसान पहुंचाती है। किडनी खराब होने पर कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में बहुत जरूरी है कि आप अपनी आदते बदलें। आए जाने इन गलत आदतों के बारे में...*

## अधिक नमक का सेवन करना

कुछ लोग नमक का बहुत अधिक सेवन करते हैं जिसका सीधा असर किडनी पर पड़ता है। शरीर में सोडियम की मात्रा अधिक होने से ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है जिसके किडनी पर जोर पड़ता है।

## यूरिन को रोकना

अगर आप यूरीन को रोक कर रखते हैं तो इस आदत को छोड़ दें। आपकी इस आदत के कारण किडनी फेल हो सकती है या फिर किडनी में स्टोन होने की समस्या हो सकती है।

## कम पानी पीना

अगर आप दिन भर में पानी का सेवन कम करते हैं तो आपको कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में हानिकारक टॉक्सिन्स छनने की बजाए शरीर में ही इकट्ठा होने लगते है जिसके कारण किडनी फैल भी हो सकती है।

## नींद कम लेना

नींद कम लेने से भी किडनी की समस्या हो सकती है। नींद कम लेने से मेटाबॉलिज्म प्रभावित होता है।

## अधिक मीठे का सेवन करना

अधिक मिठाई का सेवन करने से यूरिन से प्रोटीन निकलने लगता है, जिससे किडनी खराब होने लगती हैं।



# कम उम्र में हो रहीं ये समस्याएं

महिलाएं स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही बरत रही हैं। शिक्षित होते हुए भी ज्यादातर महिलाएं खान-पान और रहन सहन के प्रति सजग नहीं हैं। नतीजतन कम उम्र में ही उन्हें वे बीमारियां हो रही हैं, जो अधिक आयुवर्ग में होती हैं। सर्वे में सामने आया है कि करीब 52 प्रतिशत महिलाओं में विटामिन-ई की कमी है। वहीं 78 प्रतिशत महिलाएं कैल्शियम की कमी से पीड़ित हैं। यह सर्वे गणगौरी अस्पताल में किया गया है। दरअसल, हड्डियों व दांतों के विकास और उन्हें स्वस्थ रखने के लिए कैल्शियम बहुत जरूरी है। खून का थक्का और मांसपेशियों व तंत्रिकाओं की सही कार्यप्रणाली भी कैल्शियम पर ही निर्भर है।

# कैंसर रोकने में प्रभावी है बथुआ



**पोषक तत्वों के आधार पर आयुर्वेद में बथुए को सभी के लिए हितकर माना गया है। अथर्ववेद में इसे बवासीर रोग में लाभकारी और कृमिनाशक (पेट के कीड़ों को नष्ट करने वाला) बताया गया है। आहार के साथ इसमें कई औषधीय गुण भी पाए जाते हैं। जानिए इसके फायदे-**

## कैंसर रोकने में प्रभावी

एक शोध के मुताबिक बथुए की पत्तियों से निकले रस का प्रयोग एंटी-ब्रेस्ट कैंसर में बायो एजेंट के रूप में किया जाता है। यह कैंसर की कोशिकाओं की वृद्धि को रोकता है।

## पथरी में लाभदायक

जोड़दर्द की समस्या होने पर इसके बीजों का काढ़ा बनाकर पीने से काफी राहत मिलती है। इसके अलावा पथरी की समस्या में इसके पत्तों को उबालकर छानें व पीएं। पेट के रोगों, आंतों में संक्रमण और यूरिक एसिड बढ ` की स्थिति में बथुए के साग का प्रयोग फायदेमंद रहता है। पीलिया होने पर बथुए के रस को गिलोय के रस के साथ मिलाकर पीने से स्थिति सामान्य होती है। महिलाओं में अनियमित माहवारी या इस दौरान अत्यधिक दर्द हो तो इसके बीजों का काढ़ा सोंठ मिलाकर पीएं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# 'बहुत जल्दी चढ़ गई'

**बॉलीवुड** के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने इस साल 14 मार्च को अपना 60वां जन्मदिन मनाया। लेकिन यह सेलिब्रेशन उनके लिए थोड़ा अलग रहा, क्योंकि आमिर को पार्टी की कोई याद नहीं है। हाल ही में एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में उन्होंने इस अनुभव को साझा किया और बताया कि कैसे शराब के कुछ पेग उन्हें पूरी तरह टल्ली कर गए। आमिर ने बताया कि यह पार्टी उनकी बेटी आइरा खान और पूर्व पत्नी रीना दत्ता ने खासतौर पर उनके लिए आयोजित की थी। इसमें उनके सभी करीबी दोस्त और परिवारजन शामिल हुए थे। आमिर ने खुलासा किया कि वह आमतौर पर शराब नहीं पीते, लेकिन उस दिन सबके कहने पर उन्होंने शराब पीने का फैसला किया। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि मैंने शाम करीब 7 बजे पीना शुरू किया और 9 बजे तक हवा में उड़ रहा था। आमिर खान को शराब पीने की आदत नहीं थी, इसलिए उन्हें बहुत जल्दी नशा हो गया और क्लीन ब्लैकआउट हो गया यानी उन्हें रात का कोई हिस्सा याद नहीं है। हालांकि उन्होंने ये भी बताया कि उनके दोस्त और परिवारवालों ने पार्टी के कई वीडियो बनाए, जिनमें सभी ने आमिर के बारे में अच्छी बातें कीं। लेकिन वे खुद कुछ भी याद नहीं रख पाए। आमिर ने कहा कि बहुत लोग बोल रहे थे कि बहुत मजा आया, लेकिन मुझे कुछ भी याद नहीं। बड़ा यादगार दिन था, पर मेरे लिए ब्लैंक। आमिर ने यह भी बताया कि उन्होंने अब शराब छोड़ दी है।

# नेचुरल ब्यूटी को कर दिया तबाह

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपनी ताजा तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की तो सोशल मीडिया पर यूजर्स ने बवाल खड़ा कर दिया। उनकी ताजा तस्वीर देखकर यूजर्स अंदाजा लगा रहे हैं कि उन्होंने लिप सर्जरी करवाई है। इतना ही नहीं यूजर्स यह भी कहते हुए नजर आए हैं कि उन्होंने नेचुरल ब्यूटी को तबाह कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ अनन्या पांडे ने गुजरात के अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश पर इंस्टा स्टोरी पोस्ट में दुख जाहिर किया है, लेकिन फिलहाल वह अपने नए लुक को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। अनन्या पांडे के काम की अगर बात करें, तो वह इस समय कार्तिक आर्यन के साथ करन जौहर के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बन रही फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी की शूटिंग में व्यस्त हैं। कुछ दिनों पहले ही फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी हुआ था, जिसके बाद दोनों की ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री को उनके प्रशंसकों ने काफी पसंद किया था। इसी बीच अनन्या पांडे का नया लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, तस्वीर को देखकर फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि उन्होंने लिप सर्जरी करवाई है। अनन्या पांडे ने गुरुवार को इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी तीन तस्वीरें शेयर की है, सभी तस्वीर में उनके होंठ पहले से अलग दिखाई दे रहे हैं। पोस्ट के कैप्शन में अन्नया चुम्मे वाली इमोजी बनाई है। अब सोशल मीडिया पर लोगों ने इस पोस्ट पर कमेंट करना शुरू कर दिया है। एक यूजर ने लिखा, नेचुरल ब्यूटी तबाह कर दिया। वहीं दूसरे यूजर ने उनसे सवाल पूछा है, लिप सर्जरी करवाई क्या? लिप सर्जरी को लेकर सवाल पूछने वाले यूजर की संख्या कॉमेंट्स में बहुत ज्यादा नजर आ रही है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि अनन्या पांडे अपने नए लुक को लेकर चर्चा में आ गई हैं, कार्तिक आर्यन के साथ उनकी अपकमिंग फिल्म अगले साल वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होने वाली है।





ABVM AGRAWAL JATIYA KOSH'S GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE
Estd. - 2014
G.D. JALAN COLLEGE
Affiliated to University of Mumbai & M.S. Board
(MARWARI MINORITY) NAAC Accredited with B+ Grade, ISO 9001 : 2015 CERTIFIED COLLEGE
College Code : 527
Junior College
F.Y.J.C/ S.Y.J.C (Science & Commerce)
Degree College
B. Com • B.A.F • B.Sc.I.T • B.M.S • B.Sc
ADMISSIONS OPEN
Contact Number : 9326346900 / 9326335467
Upper Govind Nagar, Malad (East)